# राज्य सचिव का संदेश

प्रिय California मतदाता,

प्रत्येक चुनाव का महत्व होता है। प्रत्येक चुनाव में आपकी भागीदारी यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि हमारा लोकतंत्र फलता-फूलता रहे। California के मतदाता के रूप में, आपके पास आगामी 5 नवम्बर, 2024 को होने वाले आम चुनाव में सरकार के सभी स्तरों पर निर्वाचित पदों पर मतदान करने और राज्य मतपत्र प्रस्तावों और स्थानीय विधेयकों पर मतदान करते हुए राज्य और स्थानीय नीतियों पर सीधे प्रभाव डालने का अवसर होगा।

यह मतदाता सूचना गाइड आपको 5 नवम्बर को होने वाले मतदान में राज्यभर के उम्मीदवारों और मुद्दों के संबंध में निर्णय लेने में सहायता कर सकती है। इस गाइड में मतदान कब और कहाँ करना है, संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेट की चुनाव-प्रतियोगिताएँ, राज्य मतपत्र प्रस्ताव, और साथ ही California के मतदाता के रूप में आपके अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है।

आपके लिए आगामी चुनाव में भाग लेना आसान बनाने के लिए, आपके पास मतदान करने के लिए अधिक दिन और अधिक तरीके हैं! महत्वपूर्ण तारीखें और चुनाव के विकल्प:

काउंटियाँ California में पंजीकृत प्रत्येक मतदाता को 2024 के चुनाव के लिए **7 अक्तूबर, 2024** तक उसका मतपत्र डाक से भेज चुकी होंगी।

- पंजीकृत मतदाता प्रदान किए गए डाक-खर्च अदा किए गए लिफाफे का इस्तेमाल करते हुए डाक द्वारा अपना मतपत्र लौटा सकते हैं, बशर्ते कि मतपत्र पर **चुनाव के दिन या इससे पहले की डाक-मोहर लगी हो और आपके काउंटी चुनाव कार्यालय द्वारा इसे चुनाव के दिन के 7 दिन बाद तक प्राप्त कर लिया जाए।**
- **जल्दी मतदान 7 अक्तूबर, 2024** को शुरू होगा। काउंटी के चुनाव अधिकारी अपने कार्यालय में जल्दी मतदान की पेशकश करते हैं और बहुत-सी काउंटियाँ चुनाव के दिन से पहले अतिरिक्त स्थानों पर जल्दी मतदान की पेशकश करती हैं।
- मतदान ड्रॉप-ऑफ स्थान **8 अक्तूबर, 2024 से पहले खुलते हैं।**
- आप **26 अक्तूबर, 2024** से शुरू करते हुए अपना मतपत्र लौटा सकते हैं या मतदाता विकल्प अधिनियम अपनाने वाली काउंटियों में मतदान केंद्रों पर मतदान कर सकते हैं।
- चुनाव का दिन **5 नवम्बर, 2024** है और आम चुनाव में यह मतदान करने का आखिरी दिन है।

मतदान करने के लिए योजना बनाएँ—निर्धारित करें कि क्या आप डाक-द्वारा-मतदान करेंगे, अपना मतपत्र किसी ड्रॉप-ऑफ स्थान पर डालेंगे या पड़ोस के मतदान स्थान या मतदान केंद्र पर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदान करेंगे।

अपने मतपत्र को ट्रैक करें—टेक्स्ट, ईमेल, या वॉयस स्टेटस अलर्ट प्राप्त करने के लिए, मतदाता *WheresMyBallot.sos.ca.gov* पर साइन अप करके अपने डाक द्वारा भेजे गए या ड्रॉप-ऑफ स्थान पर डाले गए मतपत्र को ट्रैक कर सकते हैं।

मतदान करने का मतलब है कि इस बारे में लिए गए निर्णयों में अधिकार रखना कि हम अपना जीवन कैसे जीएं और हमारे समुदाय कैसे काम करें। मुद्दों और उम्मीदवारों और मतदान करने के बारे में जानने के लिए समय निकालने का अर्थ है कि आपकी आवाज सुनी जाएगी और आपके पास भविष्य में अपनी बात कहने का अधिकार होगा।

हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आपका धन्यवाद!